SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 05 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 99

मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला, दूरदर्शन-आकाशवाणी के कायाकल्प के लिए ढाई हजार करोड़ की योजना मंजूर

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के बुनियादी ढांचे को बदल कर अगले 20 साल के लिए तकनीकी रूप से उन्नत ढांचा तैयार करने के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक की एक महत्वाकांक्षी योजना को आज मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गई। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने प्रसार भारती यानी आकाशवाणी (आल इंडिया रेडियो) और दूरदर्शन (डीडी) के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दो हजार 539.61 करोड़ रुपए की लागत वाली केंद्रीय योजना 'द ब्रॉडकास्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड नेटवर्क डेवलपमेंट' (बीआईएनडी) के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। यह योजना प्रसार भारती को संगठन के बुनियादी ढांचे, कंटेंट के सृजन और सिविल वर्कर में प्रसारण के विस्तार और उन्नयन से संबंधित व्यय हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए है।

सूचना प्रसारण मंत्री के अनुसार बीआईएनडी योजना सार्वजनिक प्रसारक को बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ अपनी सुविधाओं को व्यापक रूप से उन्नयन करने में सक्षम बनाएगी, जिससे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों, सीमा एवं रणनीतिक क्षेत्रों सहित इनकी पहुंच को व्यापक रूप से बढ़ाते हुए श्रोताओं और दर्शकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कंटेंट प्रदान किया जाएगा। इस योजना का एक अन्य प्रमुख प्राथमिकता वाला क्षेत्र घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के दर्शकों के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त कंटेंट का विकास और अधिक चैनलों को समायोजित करने के लिए डीटीएच प्लेटफॉर्म की क्षमता उन्नयन द्वारा दर्शकों के लिए विविध कंटेंट की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करना है। ओबी वैन की खरीद और डीडी एवं आकाशवाणी स्टूडियो को एचडी स्तर पर तैयार करने के लिए डिजिटल उन्नयन को भी परियोजना के हिस्से में शामिल किया जाएगा।

सार्वजनिक प्रसारण के दायरे को बढ़ाने के अलावा, ब्रॉडकास्टिंग उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना से संबंधित निर्माण और सेवाओं के माध्यम से अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न करने की भी संभावना है। टीवी/रेडियो प्रोडक्शन, ट्रांसमिशन और संबद्ध मीडिया से जुड़ी सेवाओं समेत विभिन्न कंटेंट निर्माण के क्षेत्र में अनुभवी व्यक्तियों के लिए एआईआर और डीडी के कंटेंट निर्माण व रचनात्मक कंटेंट के क्षेत्र में अप्रत्यक्ष रोजगार की पर्याप्त संभावनाएं हैं। इसके अलावा, डीडी फ्री डिश की पहुंच के विस्तार की परियोजना से डीडी फ्री डिश डीटीएच बॉक्स के निर्माण में रोजगार के अवसरों का सृजन होने की भी उम्मीद है।

प्रसार भारती, देश के सार्वजनिक प्रसारक के रूप में, दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से देश के दूर-दराज क्षेत्रों में लोगों के लिए सूचना, शिक्षा, मनोरंजन और सहभागिता का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। प्रसार भारती ने कोविड महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेशों के प्रसारण और जनता को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्तमान में, दूरदर्शन 28 क्षेत्रीय चैनलों सहित 36 टीवी चैनलों का संचालन करता है और आकाशवाणी 500 से अधिक प्रसारण केंद्रों का संचालन करता है। यह योजना देश में एआईआर एफएम ट्रांसमीटरों के कवरेज को भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार 59 प्रतिशत से बढ़ाकर 66 प्रतिशत और और आबादी के हिसाब से 68 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर देगी। इस योजना में दूरस्थ, जनजातीय, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को 8 लाख से अधिक डीडी फ्री डिश एसटीबी के नि:शुल्क वितरण करने की भी योजना है।

ठाकुर ने कहा कि सरकार दूरदर्शन और आकाशवाणी (प्रसार भारती) के बुनियादी ढांचे और सेवाओं के विकास, आधुनिकीकरण और मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है और बीआईएनडी योजना से प्रसार भारती का ढांचा अगले बीस साल की जरूरतों के लिए उन्नत हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह काम 2025-26 तक पूरा कर लिया जाएगा।

महत्वपूर्ण एवं खास

यूपी : पांच करोड़ रुपये के मॉर्फिन के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी (आरएनएस)। बाराबंकी के जहांगीराबाद पुलिस सर्कल से पांच करोड़ रुपये मूल्य के पांच किलो. मॉर्फिन के साथ दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मोहम्मद कलीम और विरजू उर्फ बृजलाल गौतम के रूप में पहचाने गए आरोपी मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक के पैकेट में लिपटे मॉर्फिन ले जाते पाए गए। दोनों को पुलिस ने उस समय पकड़ा जब वे मॉर्फिन सप्लाई करने सीतापुर जा रहे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आशुतोष मिश्रा ने कहा कि उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि उनका गिरोह बाराबंकी, सीतापुर, लखनऊ और अन्य आसपास के जिलों में मॉर्फिन की तस्करी में शामिल था। उन्होंने कहा कि उनके एक साथी सूफियान ने मॉर्फिन तैयार करने के लिए कच्चे माल की व्यवस्था की थी।

सांस संबंधित शिकायत के बाद सोनिया गांधी गंगा राम अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुधवार को सर गंगा राम अस्पताल में श्वास संबंधी संक्रमण की निगरानी और इलाज के लिए भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने यह जानकारी दी। अस्पताल के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि सोनिया गांधी को चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट में भर्ती कराया गया है। उनकी देखभाल डॉ. अरुप बासू और उनकी टीम कर रही है। अस्पताल के एक बुलेटिन के अनुसार, गांधी को वायरल रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन की शिकायत है। जिसका इलाज किया जा रहा है। पूर्व कांग्रेस प्रमुख को आखिरी बार 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस पर सार्वजनिक रूप से देखा गया था। इससे पहले, उन्होंने 24 दिसंबर को दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया था।

योगी ने की सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए '5ई' फॉर्मूले की मांग

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सडक़ दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों से शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग, आपातकालीन देखभाल और पर्यावरण के '5ई' फॉर्मूले का पालन करने को कहा है। उन्होंने इस तथ्य को भी चिंताजनक करार दिया कि जहां कोविड ने तीन वर्षों में 23,600 लोगों की जान ली, वहीं 2022 के केवल एक वर्ष में सडक़ दुर्घटनाओं में 21,200 लोगों की जान चली गई। इसी सबको देखते हुए राज्य सरकार 5 जनवरी से 4 फरवरी तक सडक़ सुरक्षा पर एक महीने का अभियान चलाएगी। योगी ने कहा कि, सडक़ सुरक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ एक विभाग तक सीमित नहीं है और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सामुदायिक प्रयास की जरूरत है। खराब सडक़ इंजीनियरिंग के अलावा, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना और शराब पीकर गाड़ी चलाना प्रमुख कारण हैं। ज्यादातर मामले कानपुर, आगरा, प्रयागराज, अलीगढ़, बुलंदशहर और मथुरा जैसे बड़े शहरों में होते हैं। उन्होंने कहा कि, इन शहरों से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर ध्यान देने के प्रयास किए जाने चाहिए। इसी के साथ ओवरलोडिंग रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जाए।

योगी सरकार को बड़ी राहत, निकाय चुनाव से जुड़े हाईकोर्ट के फैसले पर एससी की रोक

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के बिना शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया था। वहीं कोर्ट ने इस मामले में दूसरे पक्षों को भी नोटिस दिया है और तीन हफ्तों के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है। न्यायालय ने कहा कि उप्र द्वारा नियुक्त पैनल को तीन महीने में राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के लिए ओबीसी आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर फैसला करना होगा। न्यायालय ने कहा कि उप्र स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिन प्रशासकों को उनकी शक्तियां सौंपी जाएंगी, वे बड़े नीतिगत फैसले नहीं लेंगे।

घर में सो रहे दो माह के मासूम को उठा ले गया बंदर, छत से फेका, हुई मौत

बांदा(आरएनएस)। यूपी के बांदा जिले के तिंदवारी थाना क्षेत्र के छापर गांव में बंदरों का आतंक देखने को मिला है। यहां पालने में सो रहे दो माह के बच्चो को बंदर उठाकर ले भागा और परिजनों के चिल्लाने पर उसे छत से फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार, पेशे से मजदूरी करने वाले विश्वेश्वर वर्मा का दो माह का पुत्र अभिषेक खपरैलदार बरामदे के नीचे पालने में सो रहा था। मां माया घर के अन्य काम में व्यस्त थी। तभी 3-4 बंदर वहां आ गए। एक बंदर ने बच्चे को उठाकर खपरैल के ऊपर चढ़ गया। परिजनों और ग्रामीणों की नजर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद भागते हुए बंदर ने अचानक बच्चे को नीचे फेंक दिया। जमीन पर गिरते ही बच्चे की मौत हो गई।

परिजन उसे गांव के एक डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल मामले को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेकर वन विभाग के अधिकारियों को छापर गांव जाने के निर्देश दिए हैं।

देश को ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात केन्द्र बनाने का लक्ष्य, शुरू होगा मिशन

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश को 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ बुधवार को 19744 करोड़ रुपये की सहायता के साथ राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को कहा, हमने सालाना 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। हम भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के निर्यात का वैश्विक हब बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन और उपकरणों के निर्माण के लिए प्रोत्साहन देने की योजना को मंजूर किया है। इसके तहत देश में इलेक्ट्रोलाइजर्स के विनिर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन 2029-30 तक 17490 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का फैसला किया गया है। इसके अलावा सरकार इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा इसके उपयोग के पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए भी प्रोत्साहन देगी।

ठाकुर ने कहा कि इस मिशन के संचालन के लिए एक अधिकार संपन्न समूह के गठन का प्रस्ताव है। मिशन डायरेक्टर इस क्षेत्र की विशेषज्ञता रखने वाले व्यक्ति को बनाया जायेगा जो नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2021 में 15 अगस्त को लाल किले पर राष्ट्र ध्वज के नीचे ग्रीन हाइड्रोजन के लिए मिशन शुरू करने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भारत की बिजली उत्पादन में 2030 तक 40 प्रतिशत हिस्सा हरित स्रोतों से करने का लक्ष्य रखा गया था। इसका लक्ष्य 2021 में ही पूरा कर लिया गया। भारत ने ग्लासको सम्मेलन में 2070 तक कार्बन उत्पादन को शुद्ध रूप से शून्य स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा है और इस दिशा में हाइड्रोजन मिशन की बड़ी भूमिका होने जा रही है।

उत्तराखंड में 4000 परिवारों के बेघर होने का खतरा, सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर कथित तौर पर अतिक्रमण कर दशकों से बसे हजारों परिवारों की ओर से दायर उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को वह सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए पांच जनवरी को सुनवाई करने के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। श्री भूषण ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान इस मामले (इकतादर उलाह बनाम रवि शंकर एवं अन्य) को महत्वपूर्ण बताते हुए शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था।

अधिवक्ता भूषण ने बनभूलपुरा (आजाद नगर) के कुछ निवासियों का पक्ष रखते हुए कहा था कि वे 70 वर्षों से अधिक समय से रह रहे हैं। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद उनके बेघर होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय के इस फैसले में कई खामियां हैं। न्यायालय का यह फैसला सार्वजनिक परिसर अधिनियम रेलवे अधिकारियों पर लागू नहीं होता है।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय का दिसंबर 2022 में रेलवे के पक्ष में फैसले से हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में दशकों से रह रहे 'वंचित' वर्ग के 4,000 से अधिक परिवारों पर बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि उत्तराखंड सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष उनका पक्ष ठीक तरीके से नहीं रखा। इसी वजह से रेलवे के पक्ष में फैसला आया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वे समाज के वंचित वर्ग से संबंधित है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद उनके सामने बेकार होने का खतरा मंडरा रहा है।

पटना में छात्रों पर पुलिस ने बरसाई लाठियां, बीएसएससी परीक्षा रद्द करने की कर रहे थे मांग

पटना (आरएनएस)। बिहार के पटना में एक बार फिर से पेपर लीक का मामला सुर्खियों में आ गया है। इसी क्रम में बुधवार को बिहार कर्मचारी चयन आयोग यानी बीएसएससी पेपर लीक को अभ्यर्थियों सडक़ों पर उतरे। छात्रों ने पेपर रद्द कराए जाने की मांग को विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन इस दौरान छात्रों पर पुलिस ने जमकर लाठीचार्ज किया गया है। पुलिस ने छात्रों पर सडक़ पर दौड़ा-दौड़ा का डंडे बरसाए।

छात्रों पर पुलिस की लाठी चार्ज के बाद अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। छात्र पुलिस की लाठियों से बचने के लिए इधर उधर भागने लगे। जिसके बाद कुछ छात्र घायल हो गये हैं। इधर पुलिस ने कुछ छात्रों को हिरासत में लिया है। इसका घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छात्रों पर पुलिस जमकर लाठियां भांज रही है। इसके बाद अफरा-तफरी मच जाती है। सभी इधर से उधर भागने लगते है।

छात्रों पर लाठिया बरसाने के बाद पुलिस की सफाई भी सामने आ गई है। टाउन डीएसपी अशोक कुमार ने कहा है कि अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण ढंग से मांग रखने का मौका दिया गया था लेकिन छात्रों ने सुरक्षा घेरा को तोड़ते हुए पुलिस पर हमला कर दिया जिसके बाद पुलिस ने छात्रों पर हल्का बल प्रयोग किया है।

बता दें कि बीएसएससी सीजीएल के पहले पाली की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। जिसके बाद आयोग ने पहली पाली की परीक्षा रद्द कर दी थी। लेकिन अभ्यर्थियों की मांग है कि सभी पालियों की परीक्षा रद्द की जाए और दोबारा से परीक्षा आयोजित कराई जाए।

ठंड से कांपा उत्तर भारत, पहाड़ों पर और ज्यादा बर्फबारी के आसार- कोल्ड वेव अलर्ट जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जनवरी की शुरुआत में देशभर में रिकॉर्ड तोड़ सर्दी पड़ी है। पहाड़ों से आ रही उत्तरी बर्फीली हवा और नमी के साथ पश्चिमी विक्षोभ का असर देश के मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और दिल्ली एनसीआर में लोग ठंड से कांप रहे हैं। अभी कुछ दिनों तक शीतलहर की स्थिति में सुधार होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। पूरे उत्तर भारत में कोल्ड वेव अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले पांच दिनों तक घना कोहरा छाया रह सकता है। दिन में धूप नहीं निकलेगी। ऐसी स्थिति आठ जनवरी तक बनी रह सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में आने वाले दिनों में ज्यादा बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं पहाड़ों से आ रही उत्तरी बर्फीली हवा और नमी के साथ पश्चिमी विक्षोभ का असर देश के मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और दिल्ली एनसीआर में लोग ठंड से कांप रहे हैं। अभी कुछ दिनों तक शीतलहर की स्थिति में सुधार होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले पांच दिनों तक घना कोहरा छाया रह सकता है। दिन में धूप नहीं निकलेगी। ऐसी स्थिति आठ जनवरी तक बनी रह सकती है।

कानपुर में दिन का पारा 10.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 6.5 डिग्री कम है। अधिकतम तापमान में 32 साल और न्यूनतम में 9 साल का रिकॉर्ड टूटा। दिन भर घना कोहरा व धुंध छाई रही। अयोध्या में न्यूनतम तापमान 5.5, बाराबंकी में 6.0 डिग्री रहा। हमीरपुर में 6.2, हरदोई में 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, बहराइच में अधिकतम तापमान 11.0, हरदोई में 12.5, लखीमपुर खीरी में 13.0 और अयोध्या में 13.0 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार की शाम साढ़े पांच बजे से मंगलवार की सुबह 8:30 बजे के बीच घने कोहरे की वजह से लखनऊ और आसपास के इलाकों में दृश्यता शून्य रही जबकि बरेली और बहराइच के आसपास के क्षेत्र में यह महज 25 मीटर तक ही रही। सोमवार की रात का तापमान पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में सामान्य से पांच डिग्री नीचे तक लुढक़ गया।

कड़ाके की सर्दी व धुंध से राजस्थान के अनेक इलाकों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। सोमवार रात फतेहपुर सीकर में न्यूनतम तापमान शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार रात फतेहपुर सीकर में न्यूनतम तापमान शून्य से एक डिग्री नीचे, चुरू में शून्य से नीचे 0.9 डिग्री, संगरिया में 2.4 डिग्री, पिलानी में 2.6 डिग्री, सीकर में 3.0 डिग्री, गंगानगर में 3.7 डिग्री, नागौर में 4.5 डिग्री, चित्तौडग़ढ़ में 4.9 डिग्री, बीकानेर में 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार पूर्वी व उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। राजधानी जयपुर के अनेक इलाकों में भी मंगलवार सुबह की शुरुआत कोहरे से हुई। जयपुर में बीते चौबीस घंटे में अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमश: 20.8 व 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने चुरू, झुंझुनूं व सीकर सहित कई जिलों में अति शीतलहर जारी रहने का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। कड़ाके की सर्दी व धुंध से न केवल यातायात बल्कि आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। अनेक जगह लोग अलाव तापते नजर आए।

पंजाब और हरियाणा में मंगलवार को शीतलहर का प्रकोप रहा और कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। इस दौरान दोनों राज्यों के अधिकतर स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में सबसे ठंडा स्थान भटिंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं हरियाणा के सिरसा में न्यूनतम तापमान शून्य से तीन डिग्री नीचे दर्ज किया गया। पंजाब के गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस, लुधियाना में 5.8 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 4.8 डिग्री सेल्सियस, पठानकोट में 6.6 डिग्री सेल्सियस, फरीदकोट में 4.8 डिग्री सेल्सियस जबकि अमृतसर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।